**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, आजमगढ़ की प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 15 जनवरी 2021 दिन शुक्रवार को अपराह्न 03.00 बजे को सभा कक्ष, राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज आजमगढ़ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न 14वीं बैठक का कार्यवृत्त :-**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :-

01. श्रीमती एस0राधा चौहान, अपर मुख्य सचिव के द्वारा नामित प्रतिनिधि — अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सदस्य
**श्री कृपा शंकर सिंह,**
संयुक्त सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0शासन,
लखनऊ

02. **प्रो0 (डा0) विनय कुमारपाठक,** — सदस्य
कुलपति,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ

03. **प्रो0 (डा0) दुर्ग सिंह चौहान,** — सदस्य
पूर्वकुलपति, उ0प्र0 प्रा0वि0, लखनऊ एव
प्रति कुलाधिपति,
जी0एल0ए0 विश्वविद्यालय,
मथुरा

04. **प्रो0 (डा0) जे0 पी0 सैनी,** — सदस्य
कुलपति,
नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलाजी,
सेक्टर 3, द्वारका, नईदिल्ली- 110078।

05. **प्रो0 रामजीअग्रवाल,** — सदस्य
एमेरिटस प्रोफेसर,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बी0एच0यू0,
वाराणसी।

06. **प्रो0 (डा0) डी0के0 सिंह,** — सदस्य
विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर

07. **प्रो0 मनोज कुमार मोण्डल,** — सदस्य एवं निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बी0एच0यू0 वाराणसी प्रतिनिधि
प्रोफसर,
केमिकल इंजीनियरिंग विभाग

Scanned with CamScanner

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बी0एच0यू0,
वाराणसी।

**08. श्री मनोज कुमार,** सदस्य
निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,
कानपुर उ0प्र0

**09. श्री विजय कुमार सिंह,** सदस्य
अपरनिदेशक, कोषागार, सचिव वित्त विभाग प्रतिनिधि
आजमगढ़

**10. श्रीलोकेशश्रीवास्तव,** विशेष आमंत्री
वित्त एवं लेखाधिकारी,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
देवगाँव, जनपद-आजमगढ़

**11. प्रो0 एस0 पी0 पाण्डेय** सदस्य/सचिव
निदेशक
राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज
देवगाँव, जनपद-आजमगढ़

अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद की अनुपलब्धता में उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गयी बैठक में परिषद द्वारा प्रस्तावित एजेंडा बिन्दुओं पर निम्नवत निर्णय लिये गये :-

14.01 **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 20 अक्टूबर 2020 कोसम्पन्न 13वीं बैठक की कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

परिषद द्वारा 13वीं बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर पुष्टिकरण किया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

14.02 **प्रशासकीय परिषद की 13वीं बैठक दिनांक 20 अक्टूबर 2020 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त के सापेक्ष कृत कार्यवाही की सूचना।**

परिषद 13वीं बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दुओं की कृत कार्यवाही से अवगत हुई।

14.03 **संस्थान की प्रगति के सम्बन्ध मेंसूचना।**

परिषद द्वारा संस्थान की प्रगति विवरण का अवलोकन किया गया।

14.04 **वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**

परिषद द्वारा वित्त समिति की चतुर्थ बैठक की कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया।

14.05 **शैक्षणिक समिति के विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन।**

परिषद द्वारा शैक्षणिक समिति की बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया।

14.06 **भवन निर्माण चसमिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**

Scanned with CamScanner

परिषद द्वारा भवन निर्माण समिति की बैठक कार्यवृत्त का अवलोकन कियागया।

14.07 **केन्द्रीय क्रय समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**

परिषद द्वाराकेन्द्रीय क्रय समिति की बैठक कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया।

14.08 **प्रशासकीय परिषद में अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद नईदिल्ली के प्रतिनिधि के नामांकन की सूचना।**

परिषद प्रशासकीय परिषद में अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद नई दिल्ली के प्रतिनिधि के रूपमें प्रो0 दुर्ग सिंह चौहान, पूर्वकुलपति, उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के नामांकन की सूचना से अवगत हुई।

14.09 **अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद द्वारा शैक्षिक सत्र 2020-21 के प्राप्त मान्यता की सूचना।**

अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद द्वारा शैक्षिक सत्र 2021-21 की मान्यता की सूचना से परिषद अवगत हुई।

14.10 **अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद द्वारा मार्ग दर्शक के रूपमें प्रो0 रामजी अग्रवाल, सिविल इन्जी0 विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0एच0यू0) के नामांकन के सम्बन्ध मेंसूचना।**

प्रो0 रामजी अग्रवाल के संस्थान में अभानशिप मार्गदर्शक के रूप में नामांकन की सूचना से परिषद अवगत हुई।

14.11 **जेमपोर्टल के माध्यम से सेवाप्रदाता की नियुक्ति की सूचना एवंअनुमोदन।**

सेवा प्रदाता के चयन के लिए जेम पोर्टल की कार्यवाही का परिषद द्वारा अवलोकनो परान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

14.12 **संस्थान के लिए नियमित चार्टर्ड एकाउन्टेंट की सेवा हेतु फर्म के चयन पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषदसदस्य श्री पी0डी0 उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि चार्टर्ड एकाउन्टेंट की सेवांए अब भारत सरकार के जेम पोर्टल पर उपलब्ध हो गयी हैं। अतः अन्य संस्थानों की भांति Scope of Work तैयार कर जेम के माध्यम से संस्थान के आस-पास एवं सुलभता से उपलब्ध होनेवालेचार्टर्ड एकाउन्टेंट का चयन कर सेवा प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। परिषद द्वारा यह निर्देश दिये गये कि "Scope of Work" तैयार करने हेतु निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर ली जाय। उक्त समिति में वित्त नियंत्रक एवं एडिशनल आडिट एण्ड एकाउन्ट अफसर को भी सदस्य के रूप में रखा जाय। समिति अन्य संस्थाओं मे दिये रेट का तुलनात्मक अध्ययनकर सुझाव देगी।

14.13 **माननीय उच्च न्यायालय में संस्थान के विधिक कार्यों के लिए 3 अधिवक्ताओं के पैनल का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा श्रीराजन उपाध्याय, अधिवक्ता उच्च न्यायालय के नाम पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned with CamScanner

14.14 **संस्थान के छात्र-छात्राओं को आड सेमेस्टर 2020-21 के लिए हास्टल चार्ज के मद में 50 प्रतिशत तक राहत दिये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा प्रस्ताव को वित्त समिति के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा यह निर्देश दिये गये कि अन्य संस्थानों द्वारा इस सम्बन्ध में अपनायी गई नीति/कृत कार्यवाही की स्थिति से परिषद की आगामी बैठक में अवगत कराया जाय। टेक्विप द्वारा सुझाये गये चारों फण्डों के लिए एक एकीकृत व्यवस्था करते हुए नीति निर्धारण करते हुए तदनुसार संस्थान के बायलाज में व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

14.15 **संस्थान के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति के सम्बन्ध में शासन के पत्र दिनांक 10 सितम्बर 2020 पर विचार एवं अनुमोदन।**

कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के पत्र अ0क0प्रा0वि0/कु0प0का0/2020/10802 दिनांक 20.05.2020 के पत्र के प्रस्ताव एवं शासन के पत्र 21400/16-1001(001)/2/2020 दिनांक 29 मई 2020 पर परिषद द्वारा विचारकर प्रस्ताव के अनुसार शिक्षकों की चयन प्रक्रिया कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

14.16 **टेक्विप योजना के अन्तर्गत प्रगति की सूचना।**

परिषद द्वारा टेक्विप योजना के प्रगति से अवगत हुई।

14.17 **टेक्विप योजना के दृष्टिगत संस्थान में योजना की समाप्ति के उपरान्त विकास कार्यों को गतिशील बनाये रखने हेतु विभिन्न मदों की व्यवस्था किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा उक्त के सम्बन्ध में शासन स्तर से निर्देश प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

14.18 **दीन दयाल गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रगति का अवलोकन एवं कोविड के दृष्टिगत नवीन प्रस्तावों का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

परिषद योजना के अन्तर्गत प्रगति से अवगत हुई एवं नवीन प्रस्तावों का अवलोकनो परान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

14.19 **संस्थान में NAAC/ NBA के आवेदन की प्रक्रिया पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा एन0बी0ए0 के लिए मार्गदर्शक के प्रस्ताव पर सितम्बर 2021 में आवेदन किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया एवं इसके साथ साथ NAAC ग्रेडिंग के लिए तैयारियां किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अब तक रह गई विसंगतियों/कमियों का निराकरण कराते हुए एन0बी0ए0 एक्रेडेशन एवं नैक ग्रेडिंग के लिए अप्लाई करने हेतु अनुमति परिषद द्वारा प्रदान की गई।

14.20 **संस्थान द्वारा केयर के अन्तर्गत Job Oriented ट्रेनिंग के लिए यूपीनेडा एवं MNRE के साथ /छात्र-छात्राओं के ट्रेनिंग, प्लसेमेंट आदि के सम्बन्ध में गैरवित्तीय अनुबन्ध-MoU किये जाने हेतु अनुमति।**

परिषद द्वारा संस्थान के गैर वित्तीय अनुबन्ध के प्रस्ताव पर विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned with CamScanner

14.21 **डॉ0 अम्बरीश सिंह के द्वारा IIM Ahemdabad में Faculty Development Programme के लिए पंजीयन शुल्क की प्रतिपूर्ति पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा पूर्व की बैठकों में निर्णय होने की दशा में निर्णय का पुनर्वलोकन न किये जाने एवं भविष्य में पुनः परिषद के समक्ष प्रस्तुत न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

14.22 **निदेशक पद के विज्ञापन की सूचना एवं स्क्रीनिंग समिति का प्रस्ताव का अवलोकन एवं दिशा-निर्देश।**

परिषद द्वारा निदेशक पद के विज्ञापन का अवलोकन किया गया एवं विज्ञापन के सापेक्ष प्राप्त हो रहे आवेदनों की स्क्रीनिंग के लिए निम्न अनुसार स्क्रीनिंग समिति का गठन किया गया :-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | प्रो0 रामजी अग्रवाल, सिविल इन्जीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बी0एच0यू0, वाराणसी | सदस्य |
| 02 | प्रो0 बलिराम प्रजापति, रसायन विज्ञान विभाग, विज्ञान संस्थान, बी0एच0यू0, वाराणसी | सदस्य |
| 03 | प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय, निदेशक, राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज, आजमगढ़ | संयोजक |

इसके साथ ही परिषद द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्रता से कराये जाने हेतु टाइम लाइन निर्धारित किया गया, जिसके अनुसार आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग का कार्य 10 फरवरी 2021 तक एवं चयन प्रक्रिया को फरवरी 2021 के समाप्ति तक पूर्ण किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

14.23 **शासन के पत्र संख्या 1820/सोलह-1-2020 दिनांक 14 दिसम्बर 2020 के अपेक्षानुसार वर्तमान निदेशक के कार्यकाल को 03 माह तक विस्तारित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा शासन के पत्र दिनांक 14 दिसम्बर 2020 का अवलोकन किया गया। निदेशक प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय की सहमति पत्र दिनांक 11 जनवरी 2021 पर विचारोपरान्त परिषद द्वारा शासन की अपेक्षानुसार वर्तमान निदेशक प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय के कार्यकाल समाप्ति की तिथि से अधिकतम तीन माह अथवा नये निदेशक के कार्यभार ग्रहण करने तक जो भी तिथि पहले हो, तक वर्तमान निदेशक प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय को निदेशक का कार्य एवं दायित्व जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

14.24 **अन्य अध्यक्ष की अनुमति से।**

**14.24.01 निदेशक के चयन के लिए अभातिशप द्वारा निर्धारित चयन समिति पर विचार :**

निदेशक पद के लिए लिए चयन हेतु प्राप्त हो रहे आवेदनों के चयन हेतु अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना 01 मार्च 2019 के संलग्नक-2 में वर्णित स्वरूप पर निम्नवत् नामांकन का निर्णय लिया गया :-

क निदेशक के चयन समिति के बिन्दु ii पर प्रशासकीय परिषद के सदस्य प्रतिनिधि के रूप में उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद एवं प्रो0 दुर्ग सिंह चौहान जी को नामित किया गया।

Scanned with CamScanner

ख परिषद द्वारा चयन समिति के बिन्दु iii एवं v पर कुलपति डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से नामांकन प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

ग चयन समिति के बिन्दु iv पर इक्सपर्ट का पैनल कुलपति, कुलपति डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद को उक्त पैनल से नामांकन हेतु अधिकृत किया गया।

बैठक अध्यक्ष एवं परिषद के माननीय सदस्यो के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त समाप्त हुई।

(प्रो0 एस0पी0 पाण्डेय)
सदस्य-सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज आजमगढ़।

(एस0 राधा चौहान), I.A.S.
उपाध्यक्ष एवंअध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज आजमगढ़।

Scanned with CamScanner